web: www.nyaysakshi.com | पृष्ठ-2 में पढ़ें संपादकीय-खेल-व्यापार-धर्म-खाना खजाना-राशिफल | पृष्ठ-3 में पढ़ें छत्तीसगढ़-प्रादेशिक

# दैनिक न्याय साक्षी

अधिकार से न्याय तक

**आवश्यक सूचना**

आप सभी को सूचित करते हर्ष हो रहा है, कि न्यायसाक्षी अधिकार से न्याय तक का सर्वे का कार्य तेजी से चल रहा है, जल्द ही सर्वे की टीम आपके घर विजिट करेगी, कृपया अपनी प्रति सुरक्षित कराएं।

RNI NO - CHHHIN/2018/76480 | Postal Registration No-055/Raigarh DN CG | रायगढ़, सोमवार 21 अक्टूबर 2024 | पृष्ठ-4, मूल्य 3 रुपए | वर्ष-07, अंक- 25

# दर्दनाक हादसा : तेज रफ्तार बस ने टेंपो को मारी टक्कर, 8 बच्चों समेत 12 लोगों की मौत

**धौलपुर** । आरएनएस



राजस्थान के धौलपुर में बीती देर रात नेशनल हाईवे-11बी पर भीषण सडक़ हादसा हुआ। इस हादसे में 8 बच्चों और दो महिलाओं समेत 12 लोगों की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार, शनिवार को देर रात करीब 11 बजे एक तेज रफ्तार बस ने टेंपो को टक्कर मार दी। यह हादसा बाड़ी उपखंड इलाके में हुआ। टेंपो में सवार लोग किसी कार्यक्रम से वापस लौट रहे थे, तभी तेज रफ्तार बस ने उन्हें टक्कर मार दी। जिससे टेंपो के परखच्चे उड़ गए।

हादसे के बाद चीख पुकार मच गई। इस दौरान हाईवे से गुजर रहे लोगों ने पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलने के बाद पुलिस भी घटनास्थल पर पहुंची और सभी घायलों को इलाज के लिए धौलपुर जिला अस्पताल में भर्ती कराया। वहीं, मृतकों के शवों को बाड़ी अस्पताल की मॉर्च्यूरी में रखवाया है और मामले की जांच शुरू कर दी है। इस हादसे में बस भी क्षतिग्रस्त हुई है, जिसे पुलिस ने जब्त कर लिया।

बाड़ी अस्पताल के पीएमओ डॉ. हरिकिशन मंगल के अनुसार रात 12 बजे घायलों को इलाज के लिए बाड़ी अस्पताल लाया गया था, जहां डॉक्टरों ने सभी घायलों का इलाज शुरू किया। उन्होंने बताया कि 14 लोगों को अस्पताल लाया गया था, जिनमें से 12 लोगों की मौत हो चुकी थी। वहीं, 2 लोग गंभीर रूप से घायल थे, उन्हें बेहतर इलाज के लिए धौलपुर रेफर कर किया।

बाड़ी कोतवाली थाना प्रभारी शिव लहरी मीणा ने बताया कि टेंपो में सवार लोग बरौली गांव में रिश्तेदारी के भात कार्यक्रम में शामिल होकर लौट रहे थे। इसी दौरान सुनीपुर गांव के नजदीक एक स्लीपर कोच बस ने टेंपो को टक्कर मार दी। घायलों में स्लीपर कोच बस का चालक और परिचालक भी हैं। सभी शवों को मोर्चरी में रखवा दिया गया है।

## गाजियाबाद में ट्रेन की चपेट में आने से ट्रैकमैन की मौत, रेलवे कर्मचारियों ने किया विरोध प्रदर्शन

**गाजियाबाद** । आरएनएस

यूपी के गाजियाबाद में एक ट्रैकमैन की ट्रेन की चपेट में आने से मौत हो गई है। इस घटना से गुस्साए रेलवे कर्मचारियों ने विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया है और इस रूट पर ट्रेनों की आवाजाही प्रभावित हुई है।

गाजियाबाद में एक ट्रैकमैन ट्रेन की चपेट में आ गया, जिसके बाद रेलवे कर्मचारियों ने विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया। रेलवे कर्मचारियों ने यह आरोप लगाते हुए दोनों ट्रैक पर ट्रेनों की आवाजाही रोक दी कि लोको पायलट, ट्रैक पर सावधानी का पालन करने में विफल रहा है, जिसके कारण उन्होंने अपने सहकर्मी को खो दिया है।

हालांकि डीआरएम मौके पर पहुंचे हैं और रेल यातायात अब बहाल कर दिया गया है। हालांकि इस घटना से इस रूट में ट्रेनों की आवाजाही प्रभावित हुई है।

ट्रैकमैन की मौत के बाद रेलवे ट्रैक पर सैकड़ों लोगों की भीड़ जमा हो गई और भारतीय रेलवे के प्रति लोग अपनी नाराजगी जाहिर करने लगे। ऐसे में फंसी हुई ट्रेनों के यात्रियों को असुविधा का सामना करना पड़ा। हालात ये हो गए कि दिल्ली आने वाली सभी ट्रेनों को गाजियाबाद में ही रोक दिया गया और गाजियाबाद रेवले स्टेशन पर जमकर बवाल हुआ। इस दौरान वंदे भारत और राजधानी एक्सप्रेस जैसी ट्रेनों को भी ट्रैक पर खड़ा होना पड़ा और इंतजार करना पड़ा।

बता दें कि अक्तूबर महीने की शुरुआत में सीएम योगी आदित्यनाथ ने एडीजी स्तर के अधिकारियों संग विशेष बैठक की थी। इस दौरान हर इकाई के कार्यों की समीक्षा की गई थी। इसमें यह चर्चा भी हुई थी कि हालही के दिनों में रेलवे ट्रैक पर सिलेंडर, रॉड आदि चीजें मिली हैं। इसी तरह ट्रेनों पर पत्थर फेंके जाने की घटनाएं भी हुई हैं। यह चिंताजनक है। इसके लिए जीआरपी, आरपीएफ, रेलवे प्रशासन और सिविल पुलिस को मिलकर काम करने की आवश्यकता है। लोकल इंटेलिजेंस को और मजबूत किया जाना चाहिए।

## महत्वपूर्ण एवं खास

### चटाई नहीं मोड़ पा रही थी छात्रा, टीचर ने डंडे मारकर तोड़ दिया 10 वर्षीय बच्ची का हाथ

**कोटा (आरएनएस)।** राजस्थान के कोटा से एक बेहद शर्मनाक मामला सामने आया है। यहां एक सरकारी स्कूल के शिक्षक ने एक 10 वर्षीय छात्रा के हाथ को सिर्फ इसलिए तोड़ दिया क्योंकि वह चटाई ठीक से नहीं मोड़ पा रही थी। रामगंज मंडी के जुल्मी गांव में आयोजित जन शिकायत निवारण शिविर में एक बच्ची ने शिक्षा मंत्री मदन दिलावर से अपनी आपबीती सुनाई। बच्ची ने बताया कि उसके शिक्षक अब्दुल अजीज ने उसे चटाई बिछाने के लिए कहा था। जब वह चटाई ठीक से नहीं मोड़ पाई तो शिक्षक ने उसे डंडे से मारना शुरू कर दिया। इतनी पिटाई हुई कि बच्ची का हाथ टूट गया। इस घटना के बाद शिक्षा विभाग ने तुरंत कार्रवाई करते हुए शिक्षक अब्दुल अजीज के खिलाफ एफआईआर दर्ज करवा दी है। साथ ही शिक्षा विभाग ने भी इस मामले की जांच शुरू कर दी है। शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने इस घटना पर गंभीर नाराजगी व्यक्त की है और उन्होंने अधिकारियों को दोषी शिक्षक के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। इस घटना ने समाज में रोष पैदा कर दिया है। लोग शिक्षक के इस कृत्य की निंदा कर रहे हैं और मांग कर रहे हैं कि दोषी शिक्षक को कड़ी सजा दी जाए।

### डॉक्टरों की बड़ी लापरवाही, 12 साल तक मरीज के पेट में पड़ी रही सर्जिकल कैंची

**गंगटोक (आरएनएस)।** सिक्किम के गंगटोक स्थित सर थंटोब नामग्याल मेमोरियल अस्पताल में एक हैरान कर देने वाला मामला सामने आया है। यहां एक महिला के पेट में 12 साल तक सर्जिकल कैंची फंसी रही। साल 2012 में महिला का अपेंडिक्स का ऑपरेशन हुआ था। ऑपरेशन के बाद भी महिला को लगातार पेट में दर्द रहता था। कई डॉक्टरों को दिखाने के बाद भी दर्द में कोई आराम नहीं मिला। हाल ही में जब महिला ने फिर से उसी अस्पताल में जांच करवाई तो एक्स-रे में उसके पेट में सर्जिकल कैंची दिखाई दी। इस घटना के बाद अस्पताल प्रशासन और डॉक्टरों की लापरवाही पर सवाल उठ रहे हैं। आरोप है कि ऑपरेशन के दौरान डॉक्टरों ने महिला के पेट में कैंची छोड़ दी थी। महिला का तुरंत ऑपरेशन किया गया और कैंची को उसके पेट से निकाला गया। फिलहाल महिला की हालत स्थिर है। इस मामले में राज्य सरकार ने जांच के आदेश दिए हैं। जांच में दोषी पाए जाने वाले डॉक्टरों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। यह पहली बार नहीं है जब किसी मरीज के शरीर में सर्जिकल उपकरण छूट जाने का मामला सामने आया हो। इससे पहले भी कई ऐसे मामले सामने आ चुके हैं, जिनमें डॉक्टरों की लापरवाही की बात सामने आई है।

### बारामूला में सुरक्षाबलों और आतंकवादियों के बीच मुठभेड़, पुंछ से दो आतंकवादी गिरफ्तार

**जम्मू (आरएनएस)।** जम्मू-कश्मीर में सुरक्षाबलों और आतंकवादियों के बीच मुठभेड़ का सिलसिला जारी है। बारामुला जिले में नियंत्रण रेखा (एलओसी) के पास एक संयुक्त एंटी-इन्फिल्ट्रेशन ऑपरेशन चल रहा है। वहीं, पुंछ जिले से दो आतंकवादियों को गिरफ्तार किया गया है। चिनार कोर के अनुसार, सुरक्षाबलों ने एलओसी के सामान्य क्षेत्र उरी में संदिग्ध गतिविधियों का पता लगाया। आतंकवादियों ने चुनौती देने पर फायरिंग शुरू कर दी, जिसके जवाब में सुरक्षाबलों ने भी गोलीबारी की। ऑपरेशन अभी भी जारी है। जम्मू-कश्मीर के अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक (एडीजीपी) आनंद जैन ने बताया कि पुंछ जिले से दो आतंकवादियों को गिरफ्तार किया गया है। इन आतंकवादियों ने ग्रेनेड हमलों सहित कई अपराध किए थे। इनकी गिरफ्तारी से कई ग्रेनेड हमलों के मामलों को सुलझाने में मदद मिली है। शुक्रवार को, शोपियां जिले में बिहार के प्रवासी मजदूर अशोक चौहान का शव गोली लगने के घावों के साथ मिला था। इन घटनाओं के बीच, सुरक्षाबलों ने शुक्रवार को सुरनकोट सेक्टर के डुंडक क्षेत्र में एक आतंकवादी से जुड़े व्यक्ति को पकड़ा था। उसके पास से चार ग्रेनेड बरामद हुए थे।

## यूपी : महिला कांस्टेबल की सिर कटी लाश मिलने से मचा हड़कंप, पुलिसकर्मी पति और बहनोई गिरफ्तार

**मुरादाबाद** । आरएनएस

यूपी के मुरादाबाद से एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है। यहां एक महिला कांस्टेबल की सिर कटी लाश मिलने से हडक़ंप मच गया है। हैरानी की बात ये है कि मृत महिला का पति भी एक पुलिसकर्मी है। इस मामले में महिला के पति और बहनोई को भी पकड़ा गया है।

**क्या है पूरा मामला**

मुरादाबाद में महिला कांस्टेबल की सिर काटकर हत्या हुई है। मुरादाबाद के थाना कटघर क्षेत्र में रामगंगा रोड पर महिला की सिर कटी लाश मिली। वहां से पचास मीटर दूर गली हालत में सिर मिला। महिला की पहचान रामपुर में तैनात कांस्टेबल रिंकी के रूप में हुई है। रिंकी का पति सोनू भी पुलिस में है।

सोनू रामपुर की स्पेशल ब्रांच में तैनात है। सोनू ने रामपुर के थाना सिविल लाइंस में पत्नी रिंकी की गुमशुदगी दर्ज करा रखी थी, लेकिन अब रिंकी की लाश मिलने के बाद रिंकी के पिता ने बेटी की हत्या किए जाने का आरोप लगाते हुए पति सोनू के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है।

**दो दिन पहले मिली थी सिर कटी लाश**

बीती 17 तारीख को थाना कटघर के कल्याणपुर में रामगंगा को जाने वाली सडक़ पर एक अज्ञात सिर कटी महिला का शव पड़ा होने की सूचना पर पहुंची पुलिस ने पहले बिना सिर की लाश को कब्जे लिया और फिर सिर की तलाश की तो लगभग पचास मीटर की दूरी पर गली अवस्था में सिर भी मिल गया था लेकिन पहचान की हालत में नहीं था। पुलिस ने शव और कटे हुए सिर को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और शव की शिनाख्त के लिए आसपास के जनपदों और थानों में सूचना दे दी।

## रोहिणी ब्लास्ट के बाद हाई अलर्ट पर दिल्ली, जांच में उतरी एनआईए, गृह मंत्रालय ने मांगी रिपोर्ट

**नई दिल्ली** । आरएनएस

दिल्ली के रोहिणी स्थित सीआरपीएफ स्कूल के पास हुए धमाके ने हडक़ंप मचा दिया है। इस घटना की जांच में एनआईए और दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल जुट गई है। घटनास्थल से मिले कुछ सबूतों से बड़ी साजिश की आशंका जताई जा रही है। यहां जांच एजेसियों को एक अजीब सा सफ़ेद पाउडर मिला है जिसकी जांच की जा रही है। दिल्ली में हाई अलर्ट जारी कर दिया गया है और बड़े बाजारों में सुरक्षा बढ़ाई गई है।

पुलिस को रोहिणी जिले के प्रशांत विहार इलाके में सीआरपीएफ स्कूल के बाहर धमाके की खबर मिली थी। सुबह करीब 7:50 बजे दमकल विभाग को घटना की जानकारी मिली, जिसके बाद दो दमकल गाडिय़ों को तुरंत मौके पर भेजा गया था। धमाके के कारण सीआरपीएफ स्कूल की दीवार गिर गई थी। टीम लगातार इलाके में तलाशी अभियान चला रही है। यहां लगे सीसीटीवी कैमरा की जांच भी की जा रही है।

जानकारी के अनुसार प्रशांत विहार इलाके में सीआरपीएफ स्कूल के बाहर धमाके की आवाज के साथ धुँआ देखा गया था। धमाके की वजह अभी तक सामने नहीं आई है। मौके पर दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल के अधिकारी भी मौजूद हैं। जहां धमाका हुआ वहां आसपास खड़ी गाडिय़ों और घरों के शीशे तक टूट गए। गनीमत रही कि, कोई भी इस धमाके के कारण चोटिल नहीं हुआ।

दिल्ली पुलिस के साथ एफएसएल टीम भी मौके पर पहुंची है। सीआरपीएफ स्कूल के पास कई दुकानें भी हैं। आशंका जताई जा रही है कि, किसी दुकान में रखे सिलेंडर में ब्लास्ट हुआ है। अभी तक किसी दावे की आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। जांच एजेंसियों के अधिकारी भी अभी इस मामले में कोई बयान नहीं दे रहे हैं।

दिल्ली पुलिस की ओर से जारी बयान में कहा गया है कि, 'आज सुबह 07:47 बजे पीसीआर कॉल मिली जिसमें कॉलर ने बताया कि रोहिणी सेक्टर 14 के सीआरपीएफ स्कूल के पास तेज आवाज में धमाका हुआ है। एसएचओ/पीवी और स्टाफ मौके पर पहुंचे, जहां स्कूल की दीवार क्षतिग्रस्त पाई गई और दुर्गंध आ रही थी। पास की एक दुकान के शीशे और दुकान के पास खड़ी एक कार क्षतिग्रस्त थी। कोई हताहत नहीं हुआ। क्राइम टीम, एफएसएल टीम और बम निरोधक दस्ते को मौके पर बुलाया गया। घटनास्थल की घेराबंदी कर दी गई है। फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर है। धमाके के कारणों की जांच की जा रही है।'

## कश्मीर की पहली अंतर्राष्ट्रीय मैराथन शुरू, उमर अब्दुल्ला और सुनील शेट्टी ने दिखाई हरी झंडी

**श्रीनगर** । आरएनएस



जम्मू एवं कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने रविवार को श्रीनगर में विशाल अंतर्राष्ट्रीय मैराथन को हरी झंडी दिखाई।

रविवार सुबह करीब 6.20 बजे उमर अब्दुल्ला और बॉलीवुड अभिनेता सुनील शेट्टी ने पोलो व्यू स्ट्रीट से पहली अंतर्राष्ट्रीय मैराथन दौड़ को हरी झंडी दिखाई।

मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने कुछ समय तक एथलीटों के साथ दौड़ भी लगाई। इस दौरान उनके सुरक्षाकर्मी भी उनके साथ-साथ दौड़े।

अधिकारियों ने बताया कि पहली बार कश्मीर में मेगा इंटरनेशनल मैराथन का आयोजन किया जा रहा है। इसमें 59 विदेशी अंतर्राष्ट्रीय एथलीटों सहित 2 हजार एथलीट हिस्सा लेंगे। एथलीट 42 किलोमीटर की फुल और 21 किलोमीटर की हाफ मैराथन दौड़ेंगे।

पर्यटन निदेशक राजा याकूब फारूक ने कहा कि शनिवार को पत्रकारों को संबोधित करते हुए कहा था कि पहली बार मैराथन के लिए 2 हजार से ज्यादा पंजीकरण हुए हैं। प्रतियोगिता में 29 राज्यों, केंद्र शासित प्रदेशों और 13 देशों के खिलाड़ी भाग ले रहे हैं। हाफ और फुल मैराथन में 59 विदेशी अंतरराष्ट्रीय एथलीट भाग ले रहे हैं।

उन्होंने कहा था कि कश्मीर से भी 30 से 35 प्रतिभागी हैं। यह मैराथन दुनिया भर में यह संदेश भेजेगी कि कश्मीर शांतिपूर्ण है। सभी एथलीट दुनिया भर में संदेश देंगे कि कश्मीर अंतर्राष्ट्रीय कार्यक्रमों की मेजबानी के लिए उपयुक्त है। हम अपने व्यंजन, पेपर माची, पश्मीना और अन्य चीजों का प्रदर्शन करेंगे। ये सभी एथलीट हमारे ब्रांड एंबेसडर होंगे।

मैराथन में भाग लेने के अलावा एथलीटों को स्थानीय व्यंजन भी परोसे जाएंगे। इस दौरान एथलीट विश्व प्रसिद्ध गुलमर्ग स्की रिसॉर्ट का दौरा भी करेंगे और केबल कार की सवारी का भी आनंद लेंगे।

मैराथन में शामिल होने के साथ-साथ, एथलीट कश्मीर की सुंदरता, इसकी प्राचीन झीलों, अल्पाइन वनों और अद्भुत शरद ऋतु का आनंद ले रहे हैं, जिसे कश्मीर में चार ऋतुओं का राजा कहा जाता है।

बता दें कि कश्मीर ने मई में जी-20 बैठक की मेजबानी की और स्पोर्ट्स कार रेसिंग इवेंट भी आयोजित किया। इन अंतर्राष्ट्रीय आयोजनों ने पर्यटकों और टूर और ट्रैवल ऑपरेटरों के बीच शांतिपूर्ण, सुरक्षित घाटी के विचार के बाद असाधारण रूप से बड़ी संख्या में पर्यटकों को आकर्षित करने में मदद की है।

## पश्चिम बंगाल में 3 साल की बच्ची के साथ बुजुर्ग ने की घिनौनी हरकत, बिस्किट का दिया था लालच; हुआ गिरफ्तार

**बर्दवान** । आरएनएस

पश्चिम बंगाल के पूर्वी बर्दवान जिले के कटवा में एक बुजुर्ग को तीन साल की बच्ची के यौन शोषण के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। जानकारी के मुताबिक, आरोपी को बीती देर रात गिरफ्तार किया गया और रविवार को जिला अदालत में पेश किया जाएगा। पूर्वी बर्दवान जिला पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि सरकारी वकील आगे की पूछताछ के लिए उसकी पुलिस हिरासत की मांग करेंगे। आरोपी को यौन अपराधों से बच्चों के संरक्षण अधिनियम अधिनियम 2012 की विभिन्न धाराओं के तहत गिरफ्तार किया गया है।

पीड़िता की मां के अनुसार, आरोपी ने तीन साल की बच्ची को बिस्किट खिलाने के लिए अपने घर बुलाया। पीड़िता की मां ने बताया, आरोपी ने इसका फायदा उठाकर मेरी बेटी के साथ गलत हरकत की। जब वह रोते हुए घर लौटी और उसने मुझे बताया कि उसके साथ क्या हुआ। मां ने घटना की जानकारी अपने पड़ोसियों को दी, जो भडक़ गए। उनमें से कुछ लोग आरोपी के घर पहुंचे, उसे उसके घर में बंद कर दिया और स्थानीय कटवा पुलिस स्टेशन को सूचना दी।

**पुलिस ने किया गिरफ्तार-** इसके बाद पुलिस की एक बड़ी टुकड़ी मौके पर पहुंची और आरोपी बुजुर्ग को गिरफ्तार कर लिया। पीड़िता को भी जांच के लिए कटवा सबडिवीजन अस्पताल भेजा गया। अस्पताल के एक डॉक्टर ने बताया कि बच्ची की हालत स्थिर है, लेकिन वह अभी भी अस्पताल में निगरानी में है।

यह घटना ऐसे समय आई जब अगस्त में कोलकाता के सरकारी आरजी कर मेडिकल कॉलेज और अस्पताल के एक जूनियर डॉक्टर के साथ अस्पताल परिसर में हुए जघन्य बलात्कार और हत्या को लेकर राज्य में जूनियर डॉक्टरों द्वारा जारी विरोध प्रदर्शन जारी है। आर.जी. कार के मामले में कोलकाता पुलिस और जयनगर के मामले में पश्चिम बंगाल पुलिस की जांच में कथित लापरवाही के कारण कड़ी आलोचना हुई।

## वेदांता ग्रुप ने राजस्थान में 1 लाख करोड़ रुपए से अधिक निवेश करने की अपनी प्रतिबद्धता दोहराई

**जयपुर** । आरएनएस



ब्रिटेन की यात्रा के आखिरी दिन, मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने प्राकृतिक संसाधन समूह वेदांता ग्रुप के चेयरमैन अनिल अग्रवाल से लंदन में मुलाकात की और उन्हें 'राजस्थान की प्रगति में भागीदार' बनने के लिए आमंत्रित किया। इस बैठक के दौरान उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी और राजस्थान सरकार के प्रतिनिधिमंडल के अन्य सदस्य मौजूद थे। राजस्थान में एक लाख करोड़ रुपये अधिक के निवेश की अपनी प्रतिबद्धता दुहराते हुए वेदांता ग्रुप के चेयरमैन अग्रवाल ने कहा कि यह निवेश वेदांता की कंपनियों - हिंदुस्तान जिंक, केयर्न ऑयल एंड गैस और सेरेंटिका रिन्यूएबल्स के विस्तार में होगा और इसके अलावा, लघु और मध्यम उद्योगों के लिए गैर-लाभकारी (नॉन प्रॉफिट) आधार पर वेदांता उदयपुर के पास एक औद्योगिक पार्क भी स्थापित करेगी। मुख्यमंत्री और अग्रवाल के बीच 'पूंछरी का लौठा' (गोवर्धन परिक्रमा से संबंधित एक महत्वपूर्ण धार्मिक स्थल) और उसके आस-पास के क्षेत्रों के एकीकृत विकास पर भी चर्चा हुई और सरकारी प्रतिनिधिमंडल द्वारा राजस्थान के कृष्ण भूमि विकास के तहत आने वाले क्षेत्रों पर एक विस्तृत प्रेजेंटेशन दिया गया। 'पूंछरी का लौठा' की विकास योजना से प्रभावित होकर अग्रवाल ने राज्य सरकार की इस परियोजना को आगे बढ़ाने में मदद करने की अपनी इच्छा व्यक्त की।

बैठक के बाद मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने कहा, इस बैठक में हमारे बीच बहुत ही सार्थक चर्चा हुई और अनिल अग्रवाल व्यापार जगत के अनुकूल हमारी नीतियों से काफी प्रभावित हुए। राजस्थान में अपने निवेश को दोगुना करने एवं राज्य के व्यापारिक माहौल को और मजबूत बनाने के लिए उन्होंने हमारी सरकार से हाथ मिलाया है। मैंने उन्हें 'राजस्थान की प्रगति में भागीदार' बनने और 'विकसित राजस्थान' के हमारे प्रयासों का समर्थन करने के लिए भी आमंत्रित किया।

वेदांता ग्रुप के चेयरमैन के साथ हुई इस बैठक में ब्रिटेन के कई अन्य प्रतिष्ठित निवेशक भी मौजूद थे। इस दौरान राजस्थान में निवेश के अवसरों पर चर्चा की गई और इन निवेशकों ने राज्य के विभिन्न क्षेत्रों में मौजूद संभावनाओं को तलाशने में काफी दिलचस्पी दिखाई।

इसके बाद, मुख्यमंत्री शर्मा और राजस्थान सरकार के प्रतिनिधिमंडल ने लंदन में मौजूद ब्रिटिश संग्रहालय का दौरा किया और राजस्थान स्थित कला संग्रहालयों और दीर्घाओं के साथ सहयोग की संभावनाओं पर संग्रहालय के अधिकारियों के साथ चर्चा की।

इसके अलावा, मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने लंदन में किंग हेनरी रोड स्थित अंबेडकर हाउस का भी दौरा किया और भारतीय संविधान के निर्माता डॉ. भीम राव अंबेडकर को अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

बाबा साहेब को श्रद्धांजलि अर्पित करने के बाद मुख्यमंत्री श्री शर्मा ने कहा,लंदन के जिस घर में बाबा साहेब अंबेडकर रहते थे, उसे कुछ सालों पहले माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदीजी के नेतृत्व में भारत सरकार ने संग्रहालय बना कर देश को एक अनमोल उपहार दिया था। बाबा साहेब अंबेडकर हम सबके प्रेरणा स्त्रोत हैं और आज यहां अंबडेकर हाउस में आकर मैं बहुत गौरवान्वित महसूस कर रहा हूं। यहां आकर मुझे बाबा साहेब के लंदन प्रवास के बारे में कई नयी बातों को जानने का मौका मिला। उन्होंने जीवनभर कमज़ोर एवं हाशिये पर खड़े लोगों के उत्थान के लिए काम किया और बाबा साहब का समानता एवं न्याय का संदेश आज भी प्रासंगिक है।

इससे पहले शुक्रवार को मुख्यमंत्री के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने 'राइजिंग राजस्थान' पर्यटन सम्मेलन में भाग लेते हुए ब्रिटेन के निवेशकों को राजस्थान के पर्यटन क्षेत्र की समृद्धि में भागीदार बनने के लिए आमंत्रित किया था।

इस अवसर पर बोलते हुए मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने राजस्थान के पर्यटन क्षेत्र में अपार संभावनाओं की चर्चा की और राज्य की विरासत और वन्यजीव पर्यटन में निवेश का आह्वान किया। मुख्यमंत्री शर्मा ने पर्यटन क्षेत्र को बढ़ावा देने के लिए ब्रिटिश फिल्म निर्माताओं से राजस्थान में शूटिंग करने की भी अपील की।